an>

Title: Regarding E-auction of coal by CCL and BCCL in Giridih Parliamentary Constituency, Jharkhand.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कोल इण्डिया की अनुषांगिक इकाई सी.सी.एल. एवं बी.सी.सी.एल. में पिछले 4-5 महीनों से ई-ऑक्शन के तहत कोयला का आवंटन नहीं दिया जा रहा है । ई-ऑक्शन के तहत विभिन्न कोलियरियों में आवंटन के विरूद्ध कोयला व्यवसायी बोली लगाकर खुली प्रतिस्पर्द्धा के तहत कोयला खरीदते हैं जो कि फैक्ट्रियों को लिंकेज के तहत दिये गये कोयले की दर से 100 से 150 गुणा अधिक होता है, जिससे कोल इण्डिया को भी भारी राजस्व की प्राप्ति होती है । परन्तु पिछले 4-5 महीनों से ई-ऑक्शन के तहत कोयले का आवंटन नहीं मिलने से इससे जुड़े सैकड़ों व्यवसायी बेरोजगार हो गये हैं । गाड़ियों की किश्त तक नहीं जा पा रही है, वहीं इससे जुड़े लाखों असंगठित मजदूर जिनकी रोजी-रोटी कोयला लदाई से ही दैनिक मजदूरी पर चलती है, उनके समक्ष आज भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है और साथ ही कोल इण्डिया को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है । इस संबंध में मैंने सी.सी.एल. एवं बी.सी.सी.एल. के सी.एम.डी. से भी बात की परंतु इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई । ई-ऑक्शन के बंद होने से जहां विरोधियों द्वारा नाना प्रकार की भ्रांतियां फैलायी जा रही है, वही सरकार की भी बदनामी हो रही है ।

अतः केंद्र सरकार से मेरा आग्रह है खासकर सी.सी.एल. एवं बी.सी.सी.एल. के विभिन्न कोलियरियों में ई-ऑक्शन के तहत कोयला का आवंटन यथाशीघ्र दिया जाये ।